Activity -18

2-19

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

2018-19

## सूचना

दिनांक 29.1.19

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। इच्छुक छात्राएं अपना नाम दिनांक 2.2.2019 तक निम्नलिखित प्राध्यापिकाओं को दे दें। छात्राएं 2.2.19 से 1:30 बजे खेलकूद प्रांगण में अपनी स्पर्धाओं के अभ्यास के लिए सम्पर्क करें।

प्राचार्या 31/1/19

प्राध्यापिकाएं

डा0 अनु चौहान

डा0 आरती अग्रवाल

श्रीमती नीलम

**Events**

1. 100 mts
2. 200 mts
3. 400 mts
4. 800 mts
5. 4x100 Relay Race
6. 4x400 Relay Race
7. Long Jump
8. Shotput
9. Discus Throw
10. Javelin Throw
11. Sack Race
12. Chatti Race
13. Three Legged Race
14. Slow Cycling

4.02.19

# सूचना

## दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत होने वाली स्पर्धाओं में से निम्नलिखित स्पर्धाएं 5.2.19 से 7.2.19 को 1:30 बजे ग्राउंड में होनी निश्चित हुई हैं। जिन छात्राओं ने निम्नलिखित स्पर्धाओं में भाग लेना है, वे सभी 5.2.19 से 7.2.19 को दोपहर 1:25 बजे ग्राउंड में रिपोर्ट करें।

Principal 4/02/19

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

Sports Committee

Dr Anu Chauhan
Dr Aarti Aggarwal
Mrs Neelam
Ms Jyoti Bajaj
Ms Amita

**Date** — **Event**

5.2.19 → Shotput, Discus Throw

6.2.19 → Long Jump, Javelin Throw

ओ३म्

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

की

# 35वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता

के

## समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

में मंगलवार, 12 फरवरी 2019, प्रात: 11.30 बजे

आप सादर आमन्त्रित हैं।

इस अवसर पर

**माननीय श्री बाबू राजेन्द्र नाथ**

उपप्रधान, डी.ए.वी. कॉलेज प्रबन्धकर्त्री समिति, नई दिल्ली

समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित करेंगे

एवं

**माननीय श्री आर.एस. नैन**

उपप्रधान, प्रबन्धक समिति, दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

रामप्रकाश (डॉ०)
पूर्व सांसद, राज्यसभा
प्रधान, प्रबन्धक समिति

श्रीमती विजेश्वरी शर्मा (डॉ०)
प्राचार्या

श्रीमती अनु चौहान (डॉ०)
सहायक प्रोफेसर
शारीरिक शिक्षा

## Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra

**Date: 7.2.2019**

All the teachers are requested to note their duties for 35th Annual Athletic Meet to be held on 11th February, 2019 (Opening) and 12th February, 2019 (closing). All staff members are requested to reach at 9:00 a.m. on 12th February, 2019.

| | |
|---|---|
| Reception | Dr. Anu Chauhan<br>Dr. Aarti Aggarwal |
| Announcement | Dr. Neha (Opening)<br>Dr. Arti Aggarwal (Closing) |
| Purchase & Distribution of Prizes | Dr. Anu Chauhan<br>Mrs. Neelam<br>Ms. Amita |
| Preparation of results & certificates | Mrs. Asha Malik<br>Ms. Jyoti Bajaj |
| Stage setting & Mike | Mrs. Meenakshi Thakral<br>Dr. Ritu<br>Ms. Prabhjot<br>Mrs. Jyoti Gaba<br>Ms. Tanu Bura<br>Asst. – Mr. Satbir |
| Decoration | Ms. Namita<br>Mrs. Megha |
| Seating | Dr. Deepa<br>Dr. Sonia<br>Ms. Shivani<br>Mrs. Shilpa<br>Ms. Ratika<br>Asstt. Mr. Jaswant<br>Mr. Bunty<br>Mr. Sagar |
| Discipline | Mrs. Urmila Singh<br>Mrs. Sapna Malik<br>Mrs. Neha Dutta<br>Mrs. Bhavana<br>Dr. Rukmesh<br>Mrs. Saroj Bala<br>Mrs. Rajwant Kaur<br>Dr. Sapna Kalia<br>Mrs. Priyanka |
| Reporting | Dr. Reeja<br>Dr. Himani |
| Refreshment of Guest | Dr. Shweta<br>Mrs. Mamta<br>Asst. – Mrs. Ishro |

Principal

**Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra**

**Date: 7.2.2019**

All the teachers are requested to note their duties for 35th Annual Athletic Meet (Opening & Closing) to be held on 11th & 12th February, 2019. All staff members are requested to reach at 9:00 a.m. sharp on 12.02.2019.

| | |
|---|---|
| **100 mts** | Dr. Suman Rajan<br>Dr. Manjeet<br>Ms. Priya Sethi<br>Ms. Jyoti (Phy) |
| **200 mts** | Dr. Seema Singh<br>Ms. Kamita<br>Mrs. Urmila Singh<br>Mrs. Bhavana |
| **400 mts** | Dr. Deepa<br>Dr. Sonia<br>Mrs. Veenu Madan<br>Mrs. Monika |
| **800 mts** | Dr. Urmila Panghal<br>Dr. Upasana Ahuja<br>Ms. Sheena<br>Ms. Priya Arora |
| **4x100 mts Relay** | Mrs. Anju Chawla<br>Dr. Ritu<br>Ms. Kavita Sharma<br>Mrs. Suman (Phy) |
| **4x400 mts Relay** | Mrs. Sapna Malik<br>Ms. Prabhjot Kaur<br>Dr. Sapna Kalia<br>Ms. Manisha |
| **Sack Race** | Mrs. Punam Goyal<br>Ms. Richa<br>Mrs. Shilpa Garg<br>Mrs. Megha |
| **Chatti Race** | Dr. Shweta Saini<br>Dr. Rukmesh<br>Ms. Ratika<br>Ms. Anu Rani |
| **Slow Cycling** | Dr. Manjeet<br>Dr. Seema Singh<br>Dr. Geetanjali<br>Ms. Arjita |
| **Three Legged** | Dr. Suman Rajan<br>Dr. Urmila Panghal<br>Mrs. Rajwant Kaur<br>Ms. Shivani (Phy) |

| | |
|---|---|
| **Shotput** | Mrs. Mamta<br>Dr. Rukmesh<br>Mrs. Saroj<br>Mrs. Neelam |
| **Discus Throw** | Dr. Arti Aggarwal<br>Dr. Neha<br>Ms. Prabhjot<br>Mrs. Neelam |
| **Javelin Throw** | Dr. Neha<br>Dr. Arti Aggarwal<br>Ms. Amita |
| **Long Jump** | Mrs. Mamta<br>Mrs. Saroj<br>Dr. Neha<br>Mrs. Neelam |

Principal

2018-19

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

प्रैस-नोट

आज दिनांक 11.02.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा द्वारा उद्घाटन किया गया तथा इस प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. अनु चौहान उनके साथ रही। मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी। मार्च पास्ट का नेतृत्व कुमारी ज्योति ने किया। कुमारी कनिका ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ी छात्राओं को खेल भावना व अनुशासन की शपथ दिलाई। तत्पश्चात् प्राचार्या महोदया ने सभी खिलाड़ी छात्राओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हुए एवं प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सम्बोधन में कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि खेलों से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेलों में सीखने की भावना होती है। विजय प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं होता अपितु उनमें भाग लेना आवश्यक है। प्राचार्या महोदया ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा खेलों को खेल की भावना से ही खेलने के लिए कहा। प्रथम दिन सम्पन्न होने वाली प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे- गोला फैंक प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा मालती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में अंजलि ने प्रथम, चन्दा ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फैंक प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, सिमरन द्वितीय तथा ममता तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में भारती ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय तथा रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, कनिका द्वितीय तथा ज्योति तृतीय स्थान पर रही। तीन टंगी दौड़ में चंदा, रवनीत ने प्रथम, इतिका शर्मा, आचंल ने द्वितीय तथा सिमरन, हर्षदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में कोमल ने प्रथम, रीतु ने द्वितीय एवं कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में शिल्पा प्रथम, स्वाति द्वितीय तथा कमलदीप तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापिकाओं के लिये भी म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रही।

11/2/19

2018-19

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

प्रैस-नोट

आज दिनांक 12.02.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हरियाणा रत्न से सम्मानित माननीय श्री बाबू राजेन्द्र नाथ जी, उपप्रधान, डी.ए.वी. कॉलेज प्रबन्धकत्री समिति, नई दिल्ली, समारोह के मुख्यातिथि एवं माननीय श्री आर.एस. नैन, उपप्रधान, प्रबन्धक समिति, दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के महासचिव डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, पूर्व निदेशक, संस्कृत प्राच्य विद्या संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, ओ.एस.डी. राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश ने मुख्यतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने अध्यक्ष महोदय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

महाविद्यालय की प्रबन्धक समिति के महासचिव डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकर ने मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत करते हुए कहा कि श्री बाबू राजेन्द्र नाथ जी एक कुशल प्रबन्धक, प्रबुद्ध शिक्षाविद् तथा उद्योग जगत की विख्यात विभूति के रूप में जाने जाते है, जिन्होंने जीवन को मेहनत का रंग देकर अनेक बुलन्दियों को छुआ। तत्पश्चात् महासचिव ने प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे श्री आर.एस.नैन जी का भी औपचारिक स्वागत करते हुए उनके महान् व्यक्तित्व का परिचय दिया।

आज सम्पन्न हुई प्रतिस्पर्धाओं के परिणाम इस प्रकार रहे :- 400 मीटर दौड में कोमल ने प्रथम, कनिका ने द्वितीय तथा मालती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4X100 मीटर रिले रेस में कोमल, कनिका, रितु, शिवानी पाल प्रथम, श्वेता, ज्योति, शिल्पा, सोनम द्वितीय तथा मनीषा, अंजू रानी, नवदीप कौर, सीमा तृतीय स्थान पर रही। चाटी रेस में अंजू ने प्रथम तथा सोनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या महोदया ने महाविद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की और महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अर्न्तविश्वविद्यालय वालीवॉल प्रतियोगिता, जयपुर में हमारी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्न्तविश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता, जीन्द में टीम ने चतुर्थ तथा नार्थ जोन अन्तर्विश्वविद्यालय वालीवॉल प्रतियोगिता, हिमाचल में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्यस्तरीय खेल महाकुम्भ वालीवॉल प्रतियोगिता करनाल में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर राज्यस्तरीय वालीवॉल प्रतियोगिता, करनाल में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्तर्महाविद्यालय वालीवॉल प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र में महाविद्यालय की टीम ने जोनल स्तर पर प्रथम व अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अर्न्तमहाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता अम्बाला कैंट में टीम प्रथम स्थान पर रही। जागृति 2018 अर्न्तमहाविद्यालय प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र में महाविद्यालय की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलास्तरीय बैंडमिन्टन प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र में कनिका प्रथम स्थान पर रही। जिलास्तरीय खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र में अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं में महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

तत्पश्चात् मुख्यातिथि ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलों में भाग लेने से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए खिलाड़ियों को पूरी लग्न तथा परिश्रम से खेलों में भाग लेना चाहिये।

मुख्यातिथि के सम्बोधन के पश्चात् विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये। कुमारी कोमल को 2018-19 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया तथा उन्हें हर वर्ष की तरह चौधरी भगवान सिंह, पूर्व वरिष्ठ सदस्य, आर्य शिक्षा समिति ने अपनी धर्मपत्नी स्व० श्रीमती महिमा चौधरी की पुण्य स्मृति में 1100/- रूपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की।

अंत में प्रबन्धक समिति के महासचिव तथा प्राचार्या महोदया ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये खेलकूद प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. अनु चौहान व सभी सहयोगियों को बधाई दी। मुख्यातिथि ने 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की, खेल ध्वज को सम्मान के साथ समेटकर मुख्यातिथि को सौंपा गया व आसमान में गुब्बारें छोड़े गए। राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता को सम्पन्न किया गया। मंच संचालन डॉ. आरती अग्रवाल ने किया। समापन समारोह में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएँ व छात्राएँ उपस्थित रही।

12/2/12

पंजाब केसरी (13.02.2019)

2018-19

# दयानंद महिला महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

कुरुक्षेत्र, 12 फरवरी (ब्यूरो): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में 2 दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हरियाणा रत्न से सम्मानित राजेंद्र नाथ उपप्रधान डी.ए.वी. कालेज प्रबंधक समिति नई दिल्ली समारोह के मुख्यातिथि, आर.एस. नैन उपप्रधान प्रबंधक समिति दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के महासचिव डा. राजेंद्र विद्यालंकार, पूर्व निदेशक, संस्कृत प्राच्य विद्या संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ओ.एस.डी. राज्यपाल हिमाचल प्रदेश ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। डा. विद्यालंकार ने मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत किया। प्रतिस्पर्धाओं के परिणाम में 400 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, कनिका द्वितीय तथा मालती तृतीय रही। 4×100 मीटर रिले रेस में कोमल, कनिका, रितु, शिवानी पाल प्रथम, श्वेता, ज्योति, शिल्पा, सोनम द्वितीय तथा मनीषा, अंजू रानी, नवदीप कौर, सीमा तृतीय रहीं। चाटी रेस में अंजू प्रथम तथा सोनम द्वितीय रही। प्राचार्या ने महाविद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की और महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतर्विश्वविद्यालय वालीबाल प्रतियोगिता जयपुर में हमारी टीम ने प्रथम स्थान प्रास किया। मुख्यातिथि ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलों में भाग लेने से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए खिलाड़ियों को पूरी लग्न तथा परिश्रम से खेलों में भाग लेना चाहिए। कोमल को वर्ष 2018-19 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। प्रबंधक समिति के महासचिव तथा प्राचार्या ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करती प्राचार्या व अन्य। (अरोड़ा)

दैनिक भास्कर (13.02.2019)

# 400 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम

## डीएन कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत

भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र

डीएन महिला कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को हुआ। इसमें हरियाणा रत्न से सम्मानित बाबू राजेंद्र नाथ और डीएन प्रबंधक समिति के उपप्रधान आरएस नैन मुख्यातिथि रहे।

कॉलेज की प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ. राजेंद्र विद्यालंकार ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने बताया कि 400 मीटर दौड़ में कोमल ने पहला, कनिका ने दूसरा और मालती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में कोमल, कनिका, रितु व शिवानी पाल ने पहले, श्वेता, ज्योति, शिल्पा व सोनम ने दूसरे और मनीषा, अंजू रानी, नवदीप कौर व सीमा ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। चाटी रेस में अंजू ने पहला और सोनम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या महोदया ने कॉलेज की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की।

डॉ. विजेश्वरी ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता, जयपुर में कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जागृति 2018 इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कोमल ने पहला स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कनिका प्रथम स्थान पर रही। कॉलेज की छात्रा कोमल को 2018-19 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस अवसर पर संयोजिका डॉ. अनु चौहान, डॉ. आरती अग्रवाल और डॉ. सुमन राजन मौजूद रही।



डीएन महिला कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।

2018-19

दैनिक भास्कर (12.02.2019)

2018-19

# 800 व 100 मीटर रेस में कोमल प्रथम टीचर्स ने खेली म्यूजिकल चेयर रेस

भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र



डीएन महिला कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मार्च पास्ट करतीं छात्राएं।

डीएन महिला कॉलेज में सोमवार को दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कॉलेज प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. अनु चौहान रहीं। मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरु करने की घोषणा की।

मार्च पास्ट का नेतृत्व ज्योति ने किया। कनिका ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन की शपथ दिलाई। डॉ. विजेश्वरी ने कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि खेलों से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेलों में सीखने की भावना होती है। जीत प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि खेलों में हिस्सा लेना जरूरी है। पहले दिन हुई गोला फैंक प्रतियोगिता में भारती ने पहला, रजनी ने दूसरा और मालती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अंजली पहले, चंदा दूसरे और कोमल तीसरे स्थान पर रही। भाला फैंक प्रतियोगिता में कोमल ने पहले, सिमरन ने दूसरे और ममता ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। डिस्क थ्रो में भारती ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय और रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में कोमल पहले, कनिका दूसरे और ज्योति तीसरे स्थान पर रही। थ्री लैग रेस में चंदा व रवनीत ने पहला, इतिका शर्मा व आंचल ने दूसरा और सिमरन व हर्षदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में कोमल पहले, रितु दूसरे एवं कनिका तीसरे स्थान पर रही। स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में शिल्पा प्रथम, स्वाति द्वितीय और कमलदीप तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान शिक्षिकाओं के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

अमर उजाला (12.02.2019)

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



दयानंद कालेज में मार्च पास्ट में हिस्सा लेतीं छात्राएं। अमर उजाला

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कालेज में 35वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने उद्घाटन किया। साथ में संयोजिका डॉ. अनु चौहान रहीं। सलामी लेते हुए प्रतियोगिता प्रारंभ करने की घोषणा की गई। मार्च पास्ट का नेतृत्व ज्योति ने किया। कनिका ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन की शपथ दिलाई।

इसके उपरांत पहले दिन गोला फेंक प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा मालती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अंजलि पहले, चंदा दूसरे तथा कोमल तीसरे स्थान पर रही। भाला फेंक प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, सिमरन द्वितीय तथा ममता तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में भारती ने पहला, कोमल ने दूसरा तथा रजनी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। वहीं 800 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, कनिका द्वितीय तथा ज्योति तृतीय रही। तीन टंगी दौड़ में चंदा, रवनीत ने प्रथम, इतिका शर्मा, आचंल ने द्वितीय तथा सिमरन एवं हर्षदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 100 मीटर रेस में कोमल प्रथम, रीतू द्वितीय एवं कनिका तृतीय रही। स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में शिल्पा ने पहला, स्वाति ने दूसरा तथा कमलदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के साथ प्राध्यापिकाओं के लिए भी म्यूजिकल चेयर गतिविधि भी कराई गई। इस अवसर पर प्राध्यापिकाएं, गैर शिक्षण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण (12.02.2019)

# खेलों में जीत नहीं बल्कि भाग लेना महत्वपूर्ण



दयानंद महिला कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर मार्च पास्ट निकालती खिलाड़ी।

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र: दयानंद महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. बिजेश्वरी शर्मा व प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. अनु चौहान ने किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट का नेतृत्व ज्योति ने किया। प्राचार्या ने कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि खेलों से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेलों में सीखने की भावना होती है। विजय प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं होता अपितु उनमें भाग लेना आवश्यक है। प्राचार्या ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा खेलों को खेल की भावना से ही खेलने के लिए कहा। डॉ. अनु चौहान ने बताया कि प्रथम दिन संपन्न होने वाली प्रतियोगिताओं में गोला फेंक प्रतियोगिता में भारती ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा मालति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अंजलि ने प्रथम, चंदा ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट
### सत्र 2018–19

आज की शिक्षा प्रणाली में शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के इस युग में निरन्तर पढ़ाई में व्यस्त रहने वाले विद्यार्थियों का अत्याधिक मानसिक श्रम के कारण कई बार मानसिक–तनाव, दृष्टि–दुर्बलता, स्मरणशक्ति का अभाव, अनिद्रा या अवसाद जैसी कई बिमारियों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए खेलकूद विद्यार्थी जीवन के लिए और भी आवश्यक हो जाता है। खेलकूद से मन, मस्तिष्क एवं शरीर का न केवल व्यायाम होता है बल्कि मनोरजंन भी होता है। जो तन–मन में नई शक्ति और स्फूर्ति का संचार करता है। अतः आधुनिक युग में अब यह धारणा बन चुकी है कि–

**पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब,**
**खेलोगे कूदोगे तो होंगे लाजवाब।**

आधुनिक जीवन के इस मूलमंत्र को ध्यान में रखते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हमारे महाविद्यालय में एक क्रीडा परिषद् का गठन किया गया है जिसमें संयोजिका डॉ.(श्रीमती) अनु चौहान, डॉ.(श्रीमती) आरती अग्रवाल, श्रीमती नीलम, सुश्री ज्योति बजाज, सुश्री अमिता एवं श्रीमती ज्योति गाबा के दिशा निर्देशन में हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पुरस्कार भी प्राप्त किए। महाविद्यालय के इस सत्र 2018–19 की खेल उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:–

## अन्तर्विश्वविद्यालय व राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताएँ

- **अन्तर्विश्वविद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता** : यह प्रतियोगिता 16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2018 तक आई.आई.एस. विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की तीन छात्राओं कुमारी रिंकल, कुमारी श्वेता व कुमारी सोनिया ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की ओर से भाग लिया व टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **नार्थ ज़ोन अन्तर्विश्वविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता** :– यह प्रतियोगिता 02 नवम्बर से 5 नवम्बर 2018 तक चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द(हरियाणा) में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की सात छात्राओं कुमारी सुनहरी, गीता, कैलाशो, रजनी, रेशमा, जसविन्द्र व श्रुति ने भाग लिया व टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।
- **नार्थ ज़ोन अन्तर्विश्वविद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता**:– यह प्रतियोगिता 26 अक्तूबर से 30 अक्तूबर 2018 तक चितकारा विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की तीन छात्राओं कुमारी रिंकल, सोनिया व श्वेता ने भाग लिया व टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- **नार्थ ज़ोन अन्तर्विश्वविद्यालय बैंडमिन्टन प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 19 नवम्बर से 24 नवम्बर 2018 तक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, जालंधर में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने भाग लिया।
- **सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता–** यह प्रतियोगिता 02 जनवरी से 08 जनवरी 2019 तक चेन्नई में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की चार छात्राओं कुमारी रिंकल, सोनिया, ज्योति व श्वेता ने भाग लिया।
- **ऑल इंडिया जूनियर बैंडमिन्टन प्रतियोगिता :–** यह प्रतियोगिता 25 सितम्बर से 30 सितम्बर 2018 तक पंचकूला(हरियाणा) में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने भाग लिया।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएँ

- **राज्यस्तरीय खेल महाकुम्भ वालीबॉल प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 13 नवम्बर से 15 नवम्बर 2018 तक करनाल में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की 06 छात्राओं कुमारी रिंकल, ज्योति, शिल्पा, श्वेता, रजनी व सोनिया ने भाग लिया व टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **राज्यस्तरीय खेल महाकुम्भ बैडमिन्टन प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 13 से 15 नवम्बर 2018 तक अम्बाला में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने भाग लिया।
- **सीनियर राज्यस्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2018 तक मंजूरा(करनाल) में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की 06 छात्राओं कुमारी रिंकल, श्वेता, शिल्पा, ज्योति, सोनिया व भारती ने भाग लिया व टीम तृतीय स्थान पर रही।
- **52वीं जूनियर हरियाणा राज्यस्तरीय बैंडमिन्टन प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 30 अगस्त से 02 सितम्ब्र 2018 तक सोनीपत में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने भाग लिया।
- **सीनियर हरियाणा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता :–** यह प्रतियोगिता 07 सितम्बर से 10 सितम्बर 2018 तक गुरुग्राम(हरियाणा) में आयोजित की गई जिमसें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने भाग लिया।

## अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताएँ

- **अन्तर्महाविद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 17 सितम्बर 2018 से 19 सितम्बर 2018 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की कुमारी रिंकल, शिल्पा, ज्योति, श्वेता, सोनिया, प्रवीण, भारती, शिल्पा, मोनिका, रूबी, रजनी व कोमल ने भाग लिया। टीम ने जोनल स्तर पर प्रथम व

अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की चार छात्राओं का चयन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम के लिए किया गया।

- **अन्तर्महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 11 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2018 तक एस.डी.कॉलेज, अम्बाला कैंट में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं कुमारी सुनहरी, गीता, नीलम, रजनी, श्रुति, रेशमा, कोमल, जसविन्द्र, कैलाशों, शिल्पा, ज्योति व मोनिका ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम ने जोनल स्तर व अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की सात छात्राओं का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम के लिए किया गया।
- **जागृति 2018 अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 26 अक्तूबर 2018 को के.आई.टी.एम., कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कोमल ने 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया।

## जिलास्तरीय प्रतियोगिताएँ

- **जिलास्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 16 अगस्त से 19 अगस्त 2018 तक द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरूक्षेत्र में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कनिका ने बैडमिन्टन(एकल प्रतिस्पर्धा) में प्रथम स्थान हासिल किया;।
- **जिलास्तरीय खेल महाकुम्भ प्रतियोगिताः–** यह प्रतियोगिता 11 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2018 तक द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरूक्षेत्र में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की वालीबॉल, जूडो, बैडमिन्टन टीमों ने भाग लिया। महाविद्यालय की वालीबॉल टीम ने तृतीय, बैडमिन्टन टीम ने द्वितीय व जूडो खिलाड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की वालीबॉल की 06 छात्राओं व बैडमिन्टन के लिए एक छात्रा का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।
- **आत्मरक्षक प्रशिक्षण शिविरः–** शारीरिक शिक्षा परिषद् व महाविद्यालय प्रकोष्ठ द्वारा इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रागंण में 27 सितम्बर 2018 को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. रेनू गुप्ता द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षक गुर सिखाए गए।

EVENT - 100 mts. 2018-19

| SR. NO. | NAME | FATHER'S NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Komal | Ompaskash | B.Com IIIrd | I ✓ |
| 2 | Ritu | Rajpal | B.Com IIIrd | II ✓ |
| 3 | Kanika | Sanjeev Kumar | B.A Ist | III ✓ |

EVENT - 200 mts.

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Komal | Ompaskash | BA IIIrd | I ✓ |
| 2 | Kanika | Sanjeev Kumar | B.A. Ist | II ✓ |
| 3 | Navdeep | Lakhwinder Singh | B.A. IInd | III ✓ |

EVENT - 400 mts.

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Komal | Ompaskash | B.A III | I ✓ |
| 2 | Kanika | Sanjeev Kumar | B.A.I | II ✓ |
| 3 | Malti | Ramesh Kumar | B.A.I | III ✓ |

EVENT - 800 mts.

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Komal | Sh. Ompaskash | B.A. IIIrd | I ✓ |
| 2 | Kanika | Sh. Sanjeev Kumar | B.A. Ist | II ✓ |
| 3 | Jyoti | Sh. Somnath | B.Com Ist | III. ✓ |

EVENT - SHOTPUT

| SR. NO | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bharti | Suresh Kumar | B.A. II (Vocational) | I ✓ |
| 2 | Rajni | Ramesh chauhan | B.A. II (General) | II ✓ |
| 3 | Malti | Ramesh Kumar | B.A. I (General) | III ✓ |
| 4 | | | | |

EVENT - DISCUSS THROW

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bharti | Suresh Kumar | B.A. II (Vocational) | I ✓ |
| 2 | Komal | Omparkash | B.A. III (General) | II ✓ |
| 3 | Rajni | Ramesh chauhan | B.A. II (General) | III ✓ |
| 4 | | | | |

EVENT - JAVELIN THROW

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Komal | Omparkash | B.A. III (General) | I ✓ |
| 2 | Simran | Dharampal | B.A. I (General) | II ✓ |
| 3 | Mamta | Ramesh Chand | B.A. III (General) | III ✓ |
| 4 | | | | |

EVENT - LONG JUMP

| SR. NO. | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Anjali | Satish Kumar | B.A. II (General) | I ✓ |
| 2 | Chanda | Sona Lal | B.A. I (General) | II ✓ |
| 3 | Komal | Omparkash | B.A. III (General) | III ✓ |
| 4 | | | | |

EVENT - SACK RACE

| SR. NO | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Malti | Ramesh Kumar | B.A. Ist | I ✓ |
| 2 | Neha | Ramesh Kumar | B.A. Ist | II ✓ |
| 3 | Monika | Ved | B.A IInd | III ✓ |

EVENT - CHATTI RACE

| SR. NO | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Anju | Baldev Singh | B.A III | I ✓ |
| 2 | Sonam | Kuldeep | B.A II | II ✓ |
| 3 | | | | III |

EVENT - SLOW CYCLING

| SR. NO | NAME | FATHER NAME | CLASS | POSITION |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shilpa | Jagdish Chand | B. Com Ist | I ✓ |
| 2 | Swati | Jaimal Singh | B.A III | II ✓ |
